तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

# केन्द्रीय विद्यालय दाहोद

# मासिक पत्रिका

## दिसंबर- 2023



## हमारे मार्गदर्शक

**श्रीमती श्रुति भार्गव, उपायुक्त**

केन्द्रीय विद्यालय संगठन
अहमदाबाद सम्भाग

श्रीमती विनीता शर्मा, सहायक आयुक्त

केन्द्रीय विद्यालय संगठन
अहमदाबाद सम्भाग

श्रीमती मीना जोशी, सहायक आयुक्त

केन्द्रीय विद्यालय संगठन
अहमदाबाद सम्भाग

श्री वैंकटेश प्रसाद, सहायक आयुक्त

केन्द्रीय विद्यालय संगठन
अहमदाबाद सम्भाग

श्री एनोश सैमसन, प्राचार्य

केन्द्रीय विद्यालय दाहोद

## सम्पादक मण्डल

### मुख्य सम्पादक

श्रीमती अर्चना शर्मा

स्नातकोत्तर शिक्षिका, हिन्दी

**सह सम्पादक**

श्री भूपेन्द्र सिंह परनामी

प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक, संस्कृत

श्री नरेश ठाकोर
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक, अंग्रेजी

कला सज्जा
श्री रामशरण सेठी
कला शिक्षक

संगणक कार्य
श्री अमजद खान

# गतिविधि अनुक्रमणिका


| क्रमांक | गतिविधि |
|---|---|
| 1 | मंगलकामना |
| 2 | विद्यार्थी भाव-वाटिका-हिन्दी |
| 3 | विद्यार्थी भाव-वाटिका- संस्कृत |
| **4** | **Students' Expressions Corner** |
| **4.** | **विद्यालयीन गतिविधियाँ** |

1. भारतीय भाषा उत्सव
2. केन्द्रीय विद्यालय संगठन स्थापना दिवस
3. वार्षिक खेलकूद दिवस
4. विद्यालय प्रबन्धन समिति बैठक
5. कला-दीर्घा




**मङ्गलकामना**

सौम्यतां सरलतां कुशलतां कार्येषु।
धारयतु जीवने प्रतिक्षणं नवीनताम्॥1

शौर्यम् ऐश्वर्यम ग्राहयतु सफलताम्।
आप्नोतु सौख्यं यशोबलं धैर्यताम्॥2

भगवत् कृपा भवेयुः भवतां मनसि स्थित कामनां
चेतसि स्थित सुभावनां बुद्धेः स्थित नूतनधारणाम्॥3

अशेषे हि जीवने धार्यतां धैर्यतां धीमताम्।
प्रसारय ज्ञानज्योतिः जिज्ञासुनां सफलताम्॥4

विज्ञान दृष्टिं प्राप्य जीवनसाफल्यं भवतीनाम्।
भवेयुः नूतनाविष्कर्तृ कर्मक्षेत्रे धीमताम्॥5

मधुरवक्तृ मधुरकर्तृ मधुरव्यवहार धर्तृ।
भवेयुः प्रथिता मनसि सर्वदा रूपेण ज्ञानप्रदातृ॥6

सुखमयं आनन्दमयं भवतु भवतां निखिल जीवनं
अविरत सेवारताः भवेयुः भवताम् वंशद्रुमरक्षकम्॥7

डॉ. भूपेंद्र सिंह परनामी
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (संस्कृत)

## विद्यार्थी भाव-वाटिका- हिन्दी

### कविता

अपने ऊपर काम करना बाकी है अभी

थकना नही है अभी।

क्योंकि कुछ खामियाँ बाकी है अभी।

शुरुआत ही है अभी, राह बाकी है और भी

राह सरल नही होगा पता है हमें।

पर कुछ खामियाँ बाकी है अभी भी

हम मिट्टी के वह कच्चे घडे है अभी।

जिसे सवारना बाकी है अभी भी।

कुछ खामियाँ बाकी है अभी भी

खुद को पीरोना बाकी है अभी भी।

खुद को निखारना बाकी है अभी भी।

कुछ खामियाँ बाकी है अभी भी।

सिमरन, कक्षा - दसवीं

**दुनिया के अनमोल रतन**

दुनिया बडी अनमोल

मिठे-मिठे इसके बोल

जैसे कोयल के मिठे बोल

ये दुनिया बडी अनमोल

दुनिया बडी अनमोल

आँखे इसकी गोल-गोल

जैसे सूरज की रोशनी

और चाँद की चाँदनी

ये दुनिया बडी अनमोल

दुनिया बडी अनमोल

हँसी इसकी सात रंगो की

जैसे बारिश मे बनता इंद्रधनुश

ये दुनिया बडी अनमोल

दुनिया बडी अनमोल

इसका मुह है पुरा गोल

ये दुनिया बडी अनमोल

यश डामोर, कक्षा - दसवीं

# विद्यार्थी भाव-वाटिका- संस्कृत

**वाहनानि**

वृषभशकटः- बेलगाडी

अश्वशकटः- घोडागाडी

द्विचक्रिका- साईकल

त्रिचक्रिका- रिक्शा

भारवाहकम्- हाथगाडी/ठेला

यंत्रत्रिचक्रिका- ऑटो

स्कुंदनयानम्- स्कूटर

बाईकयानम्- मोटर साईकल

कारयानम्- कार

भारवाहनम्- ट्रक

रेलयानम्- रेल

मेट्रोयानम्- मेट्रो

विमानयानम्- हवाई जहाज

रुग्णवाहनम्- एम्बूलेंस

उदग्रयानम्- हेलीकॉप्टर

नौका- नाव

महानौका- पानी का जहाज

मोहित दिलवारिया
कक्षा- नवमी

**सम्बन्धः**

पितामहः- दादा

पितामही- दादी

मातामहः- नाना

मातामही- नानी

पिता- पिता

माता- माता

अग्रजः- बडा भाई

अग्रजा- बडी बहन

अनुजः- छोटा भाई

अनुजा - छोटी बहन

भ्राता- भाई

भगिनी- बहन

आत्मजः- - पुत्र

आत्मजा- पुत्री

स्वसृ - बहन

स्वसृ पति- बहनोई

पुत्र- बेटा

पुत्रवधू- बहु

भार्तृजाया- भाभी

जामाता- दामाद

सहोदरः- सगा भाई

सहोदरा- सगी बहन

पौत्रः- पोता


पौत्री- पोती

दौहित्रः - दोहिता

दौहित्री- दोहिती

गिरिश्मा जाटव

कक्षा- नवमी



# Students' Expressions Corner –ENGLISH

## My School Promise

Each day I'll do my best
And I won't do any less

My work will always please me
And I won't accept a mess

I'll color very carefully
My printing will be neat

And I will not be happy
Until my work is all complete

I'll always do my homework
With learning as my quest.

I wan't forget my promise
To always do my best!

Lakshika, Class – 10th


# Environment

Environment is the most important part of the nature. The things we see around like trees, bushes etc. are all part of our environment. But humans can't understand the importance of environment. Continuously we humans are the cause for depleting environment.

We can say that environment is directly proportional to humans. As the Environment is there, humans are there. As we know trees give us oxygen which we inhale and is important for survival. Also, trees cause rainfall and that is essential, or else the water on the earth will get vanished, which can cause the end of life. Hence, we conclude that environment is very crucial. Deforestation is a major cause for end of environment. For deforestation indirectly, humans are responsible. Some causes for deforestation are industrialization. Forest are getting cleared for building industries and for commercial farming.

**Save Earth!! Save Environment!!**

Ruchi Jha, Class - 10th



# विद्यालयीन गतिविधियाँ

## प्रतिवेदन

## भारतीय भाषा उत्सव- 2023


केंद्रीय विद्यालय दाहोद में दिसम्बर माह में भारतीय भाषा उत्सव के अंतर्गत दो सप्ताह मनाए गए-

दसवाँ सप्ताह- दसवाँ सप्ताह वाचन और अभिव्यक्ति पर आधारित रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने भारतीय भाषाओं में जीवन मूल्य पर अपने विचारों को कविताओं और श्लोगन आदि के माध्यम से अभिव्यक्त किया। इस सप्ताह के अंतर्गत विद्यार्थियों ने गुजराती, मराठी, पंजाबी, छत्तीसगढी और राजस्थानी भाषा में कविताएँ प्रस्तुत कीं।

ग्यारहवाँ सप्ताह- ग्यारहवाँ सप्ताह तमिल के महाकवि सुब्रमण्यम भारती की रचनाएँ पर आधारित रहा। ये सप्ताह महाकवि सुब्रमण्यम भारती जी को समर्पित किया गया। महाकवि सुब्रमण्यम भारती जी के छायाचित्र पर प्राचार्य जी द्वारा माल्यार्पण किया गया और सभी शिक्षकों के द्वारा महाकवि को पुष्पांजली अर्पित की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने महाकवि सुब्रमण्यम भारती जी के कृतित्त्व और व्यक्तित्त्व पर अपने अपने विचार प्रस्तुत किए। प्राचार्य जी ने भारतीय भाषा दिवस और भारतीय भाषा उत्सव पर विशद व्याख्यान प्रस्तुत कर विद्यार्थियों को इसके महत्त्व के बारे में अवगत करवाया गया। इस सप्ताह के दौरान विद्यार्थियों ने प्रार्थना सभा में महाकवि सुब्रमण्यम भारती जी की कविताओं को सुनाया।

कार्यक्रम से सम्बंधित छायाचित्र-


केन्द्रीय विद्यालय दाहोद
भारतीय भाषा उत्सव
भाषाएँ अनेक,भाव एक


केन्द्रीय विद्यालय
दाहोद (गुजरात)
KENDRIYA VIDYALAYA
DAHOD (GUJARAT)


केन्द्रीय विद्यालय
दाहोद (गुजरात)
KENDRIYA VIDYALAYA
DAHOD (GUJARAT)







## प्रतिवेदन

## केन्द्रीय विद्यालय संगठन स्थापना दिवस

15 दिसम्बर को केन्द्रीय विद्यालय दाहोद में केन्द्रीय विद्यालय संगठन का स्थापना दिवस मनाया गया। इस वर्ष के स्थापना दिवस को हीरक जयन्ती महोत्सव के रूप में मनाया गया, क्योंकि इस वर्ष केन्द्रीय विद्यालय संगठन की स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण हो हुए हैं। केन्द्रीय विद्यालय संगठन 15 दिसम्बर 1963 को स्थापित किया गया। वर्तमान में केन्द्रीय विद्यालय संगठन के अन्तर्गत 1253 केन्द्रीय विद्यालय संचालित हो रहे हैं। जिनमें से तीन विद्यालय विदेश में संचालित हो रहे हैं- काठमांडू, मॉस्को और तेहरान में। केन्द्रीय विद्यालय संगठन 25 क्षेत्रीय कार्यालयों और 5 जोनल इंस्टीट्यूटऑफ एजुकेशन एंड ट्रेनिंग के द्वारा संचालित किया जाता है।

स्थापना दिवस के इस शुभ अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती अर्चना शर्मा के द्वारा केन्द्रीय विद्यालय के संरचनात्मक स्वरूप से विद्यार्थियों को परिचित कराया। विद्यालय के शिक्षक श्री भूपेन्द्र सिंह परनामी ने अपने उद्बोधन के द्वारा केन्द्रीय विद्यालय के आदर्श

वाक्य को व्याख्यायित किया। विद्यालय के प्राचार्य श्री एनोश सैमसन जी ने विद्यार्थियों को केन्द्रीय विद्यालय की उपलब्धियों से अवगत कराया। इस अवसर पर एक छात्र साचित मीणा ने भाषण प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने समूह गीत और समूह नृत्य प्रस्तुत कर स्थापना दिवस के कार्यक्रम को आकर्षक बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम से सम्बंधित छायाचित्र -











केन्द्रीय विद्यालय
दाहोद (गुजरात)
KENDRIYA VIDYALAYA
DAHOD (GUJARAT)


केन्द्रीय विद्यालय दाहोद
KENDRIYA VIDYALAYA DAHOD
KVS Foundation Day

# प्रतिवेदन

## वार्षिक खेलकूद दिवस- 2023

केन्द्रीय विद्यालय दाहोद में 16 दिसम्बर को विद्यालय के वार्षिक खेलकूद दिवस 2023 मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमान सुरेशभाई मेडा, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला दाहोद, और विशिष्ट अतिथि श्रीमान जिग्नेशभाई डाभी, जिला युवा विकास अधिकारी, जिला दाहोद थे। कार्यक्रम का प्रारम्भ मार्च पास्ट से हुआ। मार्च पास्ट के माध्यम से मुख्य अतिथि जी को सलामी दी गई। मार्च पास्ट में कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मार्च पास्ट का प्रतिनिधित्व चारों सदनों (शिवाजी सदन, टैगोर सदन, अशोक सदन और रमन सदन) के कप्तानों के द्वारा किया गया। मार्च पास्ट के बाद कक्षा बाल-वाटिका से लेकर कक्षा आठवीं के द्वारा प्रदर्शन किया किया गया। सभी कक्षाओं के सभी विद्यार्थियों ने इस प्रदर्शन कार्यक्रम में भाग लेकर अतिथियों का ध्यान आकर्षित किया।

तत्पश्चात् खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कक्षा बाल-वाटिका के विद्यर्थियों ने जलेबी दौड में भाग लिया। कक्षा एक और दो विद्यार्थियों ने नीम्बू चम्मच दौड में भाग लिया। कक्षा तीन, चार और पांच के विद्यार्थियों के लिए 50 मीटर दौड का आयोजन किया गया।

कक्षा 6 से 12 वीं तक के विद्यार्थियों के लिए 100 मीटर दौड और 100X4 रिले दौड का आयोजन किया गया। ये दोनों प्रतियोगिताएँ बालक तथा बालिकाओं के लिए पृथक्-पृथक् आयोजित की गई।

विजेता विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि जी और विशिष्ट अतिथि जी के द्वारा स्वर्ण पदक, रजत पदक और कांस्य पदक प्रदान किए गए। मार्च पास्ट प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाले सदनों को रनिंग ट्रोफी प्रदान की गई। चौथे स्थान पर आने वाले सदन को प्रोत्साहन ट्रोफी प्रदान की गई। प्रदर्शन कार्यक्रम प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाली कक्षाओं को रनिंग ट्रोफी दी गई। तथा चौथे स्थान पर आने वाली कक्षा को प्रोत्साहन ट्रोफी दी गई।


खेल दिवस के दौरान सम्पूर्ण गतिविधियों में प्रदर्शन के आधार पर चारों सदनों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ स्थान निर्धारित किया गया। प्रथम आने वाले सदन को प्रथम स्थान की शील्ड प्रदान की गई। दूसरे स्थान की शील्ड प्रदान की गई। सदन को तीसरे स्थान की शील्ड प्रदान की गई। तथा सदन को प्रोत्साहन शील्ड प्रदान की गई।

कार्यक्रम से सम्बंधित छायाचित्र-













## प्रतिवेदन

### विद्यालय प्रबंधन समिति की द्वितीय बैठक

केन्द्रीय विद्यालय दाहोद की विद्यालय प्रबंधन समिति की द्वितीय बैठक 21/12/2023 को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता श्री बिनय कुमार जी अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंधन समिति एवं मुख्य कारखाना प्रबन्धक पश्चिम रेलवे दाहोद द्वारा की गयी। बैठक में सचिव, विद्यालय प्रबंधन समिति एवं प्राचार्य श्री एनोश सैमसन, विद्यालय प्रबंधन समिति के नामित सदस्य श्री जगदीश प्रसाद, अन्य सम्माननीय सदस्यों शिक्षाविद् श्री प्रदीप राठौड जी (प्राचार्य, मराठी विद्यालय, दाहोद), कलाविद् श्री किशोर भाई, अभिभावक सदस्य श्री किरन बारिया (प्राथमिक शिक्षक, केन्द्रीय विद्यालय) और शिक्षक प्रतिनिधि श्री भूपेन्द्र सिंह परनामी (टी जी टी संस्कृत, केन्द्रीय विद्यालय,


दाहोद) ने भाग लिया। बैठक में विद्यालय में चल रहे कार्यों की समीक्षा की गई और भविष्य में होने वाले कार्यों  पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम से सम्बंधित छायाचित्र-







# धन्यवाद

